



## Patna University In News (10.10.2022)

दैनिक जागरण

# जनवरी से पीयू के एकेडमिक और प्रशासनिक भवन का होगा निर्माण

हरि कुमार, पटना

पटना विश्वविद्यालय के एकेडमिक व प्रशासनिक भवन का निर्माण जनवरी में शुरू हो जाएगा। बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड की ओर से भवन निर्माण के लिए तकनीकी निविदा 17 नवंबर एवं वित्तीय निविदा 25 नवंबर को खोली जाएगी। पीयू की ओर से 127.2 एकड़ क्षेत्र को लेकर मास्टर प्लान जारी किया गया है। इसमें वाणिज्य महाविद्यालय, एकेडमिक स्टाफ कालेज, स्टेडियम, चतुर्थवर्गीय कर्मियों के लिए आवास चिह्नित किए गए हैं। प्रशासनिक भवन आठ तो एकेडमिक भवन नौ मंजिला होगा। निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से 139.88 करोड़ रुपये दिए गए हैं। पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश कुमार चौधरी ने बताया कि निविदा आवंटित करने की प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी। 15 जनवरी के आसपास निर्माण शुरू हो जाएगा। जनवरी 2025 तक यह तैयार हो जाएगा।



पटना विवि का प्रस्तावित प्रशासनिक भवन। • सौ: पटना विश्वविद्यालय

### मुख्यमंत्री करेंगे निर्माण कार्य का शिलान्यास

पटना विश्वविद्यालय के प्रशासनिक व एकेडमिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इसके लिए अभी से ही कवायद शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री की पहल पर पीयू को नया लुक दिया जा रहा है। इसके निर्माण के बाद दरभंगा हाउस से सभी पीजी विभागों में नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसके बाद वाणिज्य महाविद्यालय के पास भी पर्याप्त जगह मिल जाएगी।

**139.88** करोड़ की लागत से बनेगा पटना विश्वविद्यालय का प्रशासनिक व एकेडमिक ब्लाक

**127.2** एकड़ क्षेत्र का मास्टर प्लान किया जारी किया पटना विश्वविद्यालय ने

दिसंबर तक निविदा आवंटित करने के बाद जनवरी में शुरू हो जाएगा निर्माण, दो वर्ष में होगा पूरा

**जानें किस तल पर क्या**

**भू तल :** कामन ब्वायज एंड गर्ल्स रूम, जलपान गृह, सिक रूम और डाक्टर रूम

**पहली मंजिल :** सामाजिक विज्ञान और मानविकी पुस्तकालय, रिकार्ड रूम, फोटोकापी / प्रिंटिंग रूम

**दूसरी मंजिल :** इतिहास विभाग कक्षा, सकाय केबिन, विभागाध्यक्ष कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, ट्यूटोरियल रूम, विभाग कार्यालय।

**तीसरी मंजिल :** संस्कृत और समाजशास्त्र विभाग, सामान्य हाल, कक्षा, विभागाध्यक्ष कक्ष, संकाय केबिन, भाषा प्रयोगशाला, ट्यूटोरियल रूम, विभाग कार्यालय।

**चौथी मंजिल :** उर्दू और अर्थशास्त्र विभाग, हाल-कक्ष, विभागाध्यक्ष कक्ष, संकाय केबिन, भाषा प्रयोगशाला ट्यूटोरियल रूम, विभाग कार्यालय।

**पांचवी मंजिल :** बंगाली और राजनीतिक विज्ञान विभाग, हाल-कक्ष, विभागाध्यक्ष कक्ष, संकाय केबिन, भाषा प्रयोगशाला, ट्यूटोरियल रूम, विभाग कार्यालय।

**छठी मंजिल :** मैथिली और हिंदी विभाग, हाल-कक्ष, विभागाध्यक्ष कक्ष, संकाय केबिन, भाषा प्रयोगशाला, ट्यूटोरियल रूम, विभाग कार्यालय, बैठक का कमरा।

**सातवीं मंजिल :** अंग्रेजी, अरबी और फारसी विभाग, हाल-कक्षा, विभागाध्यक्ष कक्ष, संकाय केबिन, भाषा प्रयोगशाला, ट्यूटोरियल रूम, विभाग कार्यालय।

**आठवीं मंजिल :** दर्शनशास्त्र और मनोविज्ञानिक विभाग की कक्षाएं, विभागाध्यक्ष कक्ष, संकाय केबिन, भाषा प्रयोगशाला, ट्यूटोरियल रूम, विभाग कार्यालय।

**नौवीं मंजिल :** गृह विज्ञान और कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध विभाग, हाल-कक्षा, विभागाध्यक्ष कक्ष, संकाय केबिन, भाषा प्रयोगशाला, ट्यूटोरियल रूम, विभाग कार्यालय।

---

दैनिक भास्कर

# पीयू : संशोधित स्पोर्ट्स कैलेंडर के अनुसार प्रतियोगिताएं 12 से

## कैलेंडर के अनुसार आवेदन आज तक

एजुकेशन रिपोर्टर, पटना

पटना विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिताएं (सत्र 2022-23) 12 अक्टूबर से होंगी। टेबल टेनिस प्रतियोगिता से इसकी दोबारा शुरुआत होने जा रही है। संशोधित कैलेंडर के अनुसार आवेदन की प्रक्रिया सोमवार तक होगी। खेल-कूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कॉलेज व विभाग अपने स्तर से प्रतियोगिता कराकर विजेता खिलाड़ियों की चयन सूची विवि स्पोर्ट्स कैलेंडर की अंकित तिथि से दो दिन पूर्व स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव डॉ शिवसागर प्रसाद को देना सुनिश्चित करेंगे ताकि विवि स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं निर्धारित तिथि पर हो सके।

---

# जल्द समाप्त करनी होगी एडमिशन प्रक्रिया

**पटना.** पीयू पीजी में स्पॉट राउंड के तहत एडमिशन प्रक्रिया 10 से शुरू हो जायेगी. सभी पीजी विभाग रिक्त सीटों पर अपने अनुसार स्पॉट राउंड के तहत एडमिशन लेंगे. छुट्टी के बाद सोमवार से नियमित रूप से कक्षाएं भी प्रारंभ होंगी. दो सप्ताह लगातार कक्षाएं चलेंगी. इसके बाद 23 अक्तूबर से पीयू में दीपावली और छठ की छुट्टी होगी. यूनिवर्सिटी इसके बाद दो नवंबर को खुलेंगे. इसलिए स्पॉट एडमिशन की प्रक्रिया को सभी विभागों को जल्द समाप्त करना होगा.





प्रभात खबर Mon, 10 October 2022 https://epaper.prabhatkhabar.c

---

दैनिक जागरण

# एलएलबी प्रवेश परीक्षा की तिथि जल्द होगी जारी

**जासं, पटना :** पीयू एलएलबी और पीजी वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि इस सप्ताह जारी कर सकता है। दोनों संकायों में आवेदन पहले ही ले लिया गया है। विश्वविद्यालय में पीजी रेगुलर कोर्स और यूजी रेगुलर व वोकेशनल कोर्स का नामांकन पहले ही पूरा कर लिया गया है। कक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। केवल एलएलबी और पीजी वोकेशनल कोर्स में नामांकन होना है। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने कहा कि अक्टूबर में नामांकन कार्य पूरे कर लिए जाएंगे।




## Patna University In News (10.10.2022)

दैनिक भास्कर

# पटना विवि : प्लेसमेंट के लिए किसी कॉलेज ने नहीं दिया डाटा

## ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने सभी कॉलेजों से फाइनल इयर के छात्रों का डाटा अपलोड करने को कहा था

एजुकेशनल रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के द्वारा विवि के सभी कॉलेजों व विभागों से उनके फाइनल ईयर के छात्रों का डाटा एक्सेल शीट में पूरे डिटेल के साथ मांगा गया था। विभागों को कहा गया था कि वे उसे वेबसाइट पर अपलोड करें ताकि प्लेसमेंट के लिए कंपनियां संपर्क करें या कंपनियों से विवि संपर्क करे तो उन्हें यह डाटा दिया जा सके और उनके क्वालिफिकेशन के आधार पर उनका साक्षात्कार कराया जा सके। अभी तक किसी भी कॉलेज व विभाग ने डाटा प्लेसमेंट सेल को नहीं दिया है।




**160 बच्चों को टीसीएस के द्वारा दी गयी ट्रेनिंग :** प्लेसमेंट सेल से मिली जानकारी के अनुसार यूथ एम्पलॉयबिलीटी प्रोग्राम (वाइइपी) के तहत पीयू के बीकॉम के 160 छात्र-छात्राओं को मार्च से जून 2022 के बीच ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के बाद इन छात्रों को प्रमाण पत्र भी दिया गया है, उस सर्टिफिक्केट के आधार पर छात्र सीधा टाटा ग्रुप में जॉब के लिए इंटरव्यू दे सकेंगे। ट्रेनिंग टीसीएस के इस्ट जोन हेड राहुल झा के द्वारा दी गयी थी। मगध महिला कॉलेज में भी इस तरह का ट्रेनिंग कार्यक्रम चल रहा है। इसी प्रकार हर कॉलेज को करना है। इसकी सूचना कॉलेजों को दी गयी थी लेकिन सिर्फ वाणिज्य कॉलेज व मगध महिला कॉलेज के द्वारा ही कंपनी से संपर्क किया गया है।

*अगर सभी छात्रों की पूरी जानकारी होगी तो जब कोई कंपनी जॉब या ट्रेनिंग के लिए विवि से संपर्क करेगी तो उन्हें यह जानकारी आसानी से मुहैया करायी जा सकेगी। डाटा होने पर कंपनियां सीधे भी योग्य छात्रों को शॉर्ट लिस्ट कर संपर्क करती हैं।*

**-प्रो एसबी लाल,**
इंचार्ज, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल,
पटना विश्वविद्यालय